सत्यमेव जयते

प्रधानमंत्री

PRIME MINISTER

सत्यमेव जयते

प्रधानमंत्री
Prime Minister

# संदेश

यह जानकर प्रसन्नता हुई कि कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स द्वारा 12 से 15 अगस्त, 2026 तक नई दिल्ली में 'भारतीय व्यापार महोत्सव-2026' का आयोजन किया जा रहा है। देश के विभिन्न राज्यों तथा विदेशों से इस आयोजन में भाग लेने वाले व्यापारियों, उद्यमियों, निवेशकों, प्रतिभागियों एवं आयोजकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

भारत की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में हमारे व्यापारियों, उद्यमियों और उद्योग जगत का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। नए बाजारों का विकास, रोजगार सृजन तथा आर्थिक गतिविधियों को गति प्रदान करते हुए व्यापारिक समुदाय ने सदैव राष्ट्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाई है। आज जब भारत विकसित भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है, तब व्यापार और उद्यमशीलता की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है।

बीते वर्षों में व्यापार और उद्योग के लिए अधिक अनुकूल वातावरण तैयार हुआ है। इससे लॉजिस्टिक्स लागत घटाने, माल के तेज़ एवं कुशल आवागमन और कारोबार को अधिक सरल व पारदर्शी बनाने में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। इन उपलब्धियों के पीछे पीएम गतिशक्ति, राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति, कारोबार सुगमता के लिए किए गए सुधार, प्रक्रियाओं के सरलीकरण, अनावश्यक अनुपालनों की समाप्ति व डिजिटल प्रौद्योगिकी के व्यापक उपयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

आज विश्व के अनेक देशों के साथ हालिया व्यापार समझौतों ने भारतीय व्यापार के लिए अवसरों के नए द्वार खोले हैं। साथ ही, 'वोकल फॉर लोकल' के साथ 'लोकल टू ग्लोबल' के संकल्प से भारतीय उत्पाद और उद्यम वैश्विक बाजारों में एक नई ऊर्जा के साथ पहुंच रहे हैं। भारतीय उत्पादों को दुनियाभर में पहुंचाने और नए बाजारों में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराने के लिए यह एक अनुकूल समय है।

भारतीय व्यापारी समुदाय के सामने आज अनेक संभावनाएं हैं कि वह अंतरराष्ट्रीय बाजारों और उपभोक्ताओं की अपेक्षाओं को समझते हुए गुणवत्ता को अपनी सबसे बड़ी पहचान बनाए। हमारा लक्ष्य केवल निर्यात बढ़ाना नहीं, बल्कि 'मेड इन इंडिया' को उत्कृष्ट गुणवत्ता, विश्वसनीयता और भरोसे का वैश्विक पर्याय बनाना है। नवाचार, ब्रांडिंग और मूल्य संवर्धन के बल पर भारतीय उत्पाद दुनिया के हर बाजार में अपनी अलग पहचान स्थापित कर सकते हैं।

मुझे विश्वास है कि 'भारतीय व्यापार महोत्सव-2026' इस दिशा में नए व्यापारिक संबंधों के निर्माण, व्यापारिक संवाद को सुदृढ़ करने तथा भारतीय व्यापार के लिए नई संभावनाओं के विस्तार का प्रभावी माध्यम सिद्ध होगा। हमारे व्यापारी अपने परिश्रम, उद्यमशीलता और दूरदृष्टि के बल पर इन अवसरों का पूरा लाभ उठाते हुए विकसित भारत के निर्माण में अपनी अग्रणी भूमिका को और सुदृढ़ करेंगे।

एक बार पुनः 'भारतीय व्यापार महोत्सव-2026' की सफलता के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

(नरेन्द्र मोदी)

नई दिल्ली
श्रावण 05, शक संवत् 1948
27 जुलाई, 2026